हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 23 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

गिनाबहार में 50 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का निर्माण शुरु

4




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# जगह-जगह विराजीं मां दुर्गा, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नवरात्र की शुरुआत के साथ ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है। सोमवार को कलश यात्रा निकाल कर सभी पंडालों में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा संपन्ना की गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुईं। कलश स्थापना के साथ ही यहां पूजा-अर्चना का दौर भी शुरु हो गया है।

पत्थलगांव में नवरात्र का पर्व प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। नगर में जगह-जगह समितियों द्वारा पूजा पंडालों का निर्माण कराकर मां दुर्गा की आराधना की जाती है। इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थीं। इस वर्ष भी सात स्थानों पर अलग-अलग समितियों द्वारा पूजा पंडालों का निर्माण कराया गया है जिनमें मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थपित की गई हैं। सोमवार को नवरात्र के प्रथम दिवस के अवसर पर सभी पंडालों में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बजारपारा जशपुर रोड द्वारा स्थापित पूजा पंडाल में पुरोहित भक्ता महराज के मार्गदर्शन में विधिवत कलश स्थापना की गई तो सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति रायगढ़ रोड में बनारस से आय महाराज के मार्गदर्शन में कलश यात्रा निकली। वहीं पुरोहित भक्ता महराज ने बताया कि माता दुर्गा की प्रतीक नारी शक्ति का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि नारी ज्ञान-ऐश्वर्य-शौर्य की प्रतीक है। आज भी आदर्श भारतीय नारी में तीनों देवियाँ विद्यमान हैं। अपनी संतान को संस्कार देते समय उसका सरस्वती रूप सामने आता है। गृह प्रबन्धन की कुशलता में लक्ष्मी का रूप तथा दुष्टों के अन्याय का प्रतिकार करते समय दुर्गा का रूप प्रकट हो जाता है। अत. किसी भी मंगलकार्य को नारी की अनुपस्थिति में अपूर्ण माना गया है। उन्होंने बताया कि धर्म के क्षेत्र में नारी हमेशा ही अग्रणी रही है। आज नवरात्र के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा में महिलाओं ने वर्षा में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सड़क पर बने में बड़े-बड़े पोखरों में नंगे पैर रिमझिम बारिश में भी कलश यात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना यह बताता है कि नारी के बिना धर्म कर्म की कल्पना व्यर्थ है। नवरात्र में बारिश को उन्होंने देवी के हाथी पर सवार होकर आगमन का संकेत बताया। उन्होंने बताया कि आम तौर पर सिंह को देवी दुर्गा का वाहन माना जाता है परंतु भारतीय पुराणों में अलग-अलग दिनों के हिसाब से देवी के अलग-अलग वाहन पर सवार होकर आगमन देवी भागवत में वर्णित है। इसके अनुसार यदि नवरात्र की शुरूआत शनि और मंगल को हो तो देवी घोड़े पर सवार होकर आती हैं वहीं गुरू और शुक्र की स्थिति में डोली में सवार होकर पधारती हैं। बुध को देवी का आगमन नौका पर माना जाता है वहीं रवि और सोम वार को नवरात्रि पड़े तो देवी का आगमन हाथी पर माना जाता है। इस बार रविवार को नवरात्रि प्रारंभ होने के कारण देवी हाथी पर आरूढ़ होकर पधारी हैं। उन्होंने बताया कि देवी के गजरूढा आगमन की स्थिति में भारी वर्षा की स्थिति देवी पुराण में बताई गई है और इस बार के नवरा;त्र में हो रही बारिश देवी पुराण में कही गई बातों के सच होने का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ऐसी परिस्थिति में कहीं कहीं भारी वर्षा और अत्यधिक बारिश होने की स्थिाति से अन्न हानि भी संभव है।, सुनील अग्रवाल, कालू मधुबन, प्रदीप ठाकुर ,नवीन आरामेल ,अजय पार्षद ,संतोष भांजा ,मुकेश अग्रवाल ,नवीन , मोहन दादी, बलराम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, डब्बू ,कपिल ,कान्हा ,सुनील गुप्ता ,आनंद अग्रवाल ,लाल बंसल कान्हा अग्रवाल ,लड्डु ,पडडू, बंटी अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, दिनेश उर्फ लगडू ,अग्रवाल टिंकू सामंत, बिल्लू अग्रवाल, नवीन ,बल्लू,टोनी, कृष्ण अग्रवाल, श्रेयस मेडिकल सतीश पवन, अरूण, विक्की,हरशु अग्रवाल, कन्हैया विकास मेडिकल,सहित सभी भक्त महिलाएं मौजूद रहे।


पत्थलगांव में निकाली गई मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा।

## खबर संक्षेप

### तहसील परिसर में लर्निंग लाइसेंस शिविर कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार तहसील परिसर में आगामी 24 सितम्बर बुधवार को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति लर्निंग लाइसेंस हेतु किसी भी लोक सेवा केंद्र या च्वाइस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा परिवहन विभाग की वेबसाइट से भी स्वयं आवेदन किया जा सकता है। आवेदक 24 सितम्बर को अपॉइंटमेंट लेकर तहसील परिसर जशपुर में अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री साहू ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व के मामले, साफ- सफाई, अधोसंरचना निर्माण, अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

### 35 गांवों में विद्युत अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रारंभ



**जशपुरनगर।** जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में कार्य प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत विद्युत विभाग ने जिले के विभिन्न गांवों में विद्युत आपूर्ति की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने हेतु अधोसंरचना निर्माण का कार्य तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं।धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विद्युत विभाग को अभी 6.65 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विभाग द्वारा प्रारंभिक चरण में दुलदुला, पत्थलगांव और बगीचा विकासखंडों के 35 ग्रामों में अधोसंरचना निर्माण शुरू किया गया है।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ

■ धर्म नगरी में अनूठी होती है नवरात्र

**कोतबा।** धर्म नगरी में नवरात्र अनोखी व भव्य होती है। यहाँ कई दशक से एक ही स्थान तिलगोड़ा प्रांगण में पंडाल में विराजमान होती है माता दुर्गा जिन्हें विधिविधान से स्थापित कर पूजन के लिए शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, माता रानी के जयकारे व भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

धर्मनगरी कोतबा में भव्य कलश यात्रा पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर ढोल की थाप मे बाजे गाजे के साथ रामायण की चौपाइयों गाते हुए परंपरागत तरीके से संत समाज द्वारा अगुवाई कर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में हजारों नारी शक्ति माताओं व देवी स्वरूप कन्याओं ने सर पर कलश जल धारण कर कलश यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वर्ष यह पावन पर्व 22 सितंबर 2025, सोमवार से प्रारंभ होकर 2 अक्तूबर 2025, गुरुवार को विजयादशमी के दिन संपन्न होगा। इसके साथ ही आसपास के गांव से लेकर कोतबा शहर तक का इलाका शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है।एक ओर जहां पूजा पंडाल में मां की भव्य प्रतिमा का निर्माण कर पूजन-अर्चन किया गया है। वही धर्मनगरी में देवी उपासकों ने घरों में घट स्थापना कर शक्ति की उपासना अपने अपने परंपरा अनुसार कर रहे है। नवरात्र के अवसर पर धर्मनगरी के तिलगोड़ा मैदान मे दुर्गा पूजा पंडाल का आयोजन धूमधाम से किया जा गया है। जिसमे पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकली गई जिसमें लगभग 2100 कलश में सतिघाट धाम से जल उठा कर कन्याओं व महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा तिलगोड़ा से आरम्भ हो कर मुख्य मार्ग से राम मंदिर पारा होते हुवे सतिघाट धाम पहुँची जहाँ हजारों महिलाओं व बालिकाओं ने कलश में नदी से जल भर कर कलश शोभा यात्रा पूजा स्थल पहुंची। इस भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों मांदर ढोलकी ताशा के साथ माता रानी के जयकारे ⏭ शेष पेज 4 पर


पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ 2100 माताओं ने उठाया कलश।

# मां के जयकारों गूंज उठा नारायणपुर

**जशपुरनगर।** कलश यात्रा के साथ ही नवरात्र का शुभ शुभारंभ हो गया। पहले दिन घटस्थापना की गई और इस पवित्र कलश के साथ दीपक जलाया गया। यह दीपक नौ दिनों तक प्रज्वलित रहेगा। पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन करके समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की गई।

नवरात्र के पहले दिन या देवी सर्व भूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मंत्र के साथ मां शैलपुत्री की पूजा आरंभ हुई। माता के भक्तों में जोश और उल्लास नजर आ रहा है। मंदिरों व पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस बीच नारायणपुर में उड़ीसा के सुंदरगढ़ के आचार्य पंडित सुमित दास एवं संजय के नेतृत्व में 108 कन्याओं के साथ कलश यात्रा निकाली गई।


पुलिस बल के साथ निकाली गई शोभायात्रा।

### कलश यात्रा के दौरान पुलिस बल मौजूद

नवदुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही पण्डाल परिसर में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। कलश यात्रा मंदिर परिसर में से शुरू हुआ और बस्ती होते हुए कपरी नदी पर पहुंचा। गंगा जी की पूजा के बाद जलभर कर पुनः पंडाल परिसर में पहुंचा। वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश की स्थापना कर पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। इस दौरान सभी श्रद्धालु देवी के भक्ति गीतों पर झूमते रहे।

# फरार अपराधियों की धरपकड़ नशे के कारोबार पर कसें नकेल


क्राइम मीटिंग लेते एसएसपी।

■ महिला व बच्चों की सुरक्षा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

**जशपुरनगर।** दुर्गा पूजा पर्व पर जिलेभर में लग रहे पंडालों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित क्राइम मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने थाना-चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए, कि समिति सदस्यों से सतत संपर्क बनाए रखें और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की खैर नहीं एसएसपी ने कहा लंबे समय से फरार अपराधियों की अब खैर नहीं, अभियान को और तेज किया जाएगा। वारंटियों और गंभीर मामलों के आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लंबित अपराध, शिकायतें और मर्ग प्रकरणों के त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वर्ष 2025 व पूर्व के सभी लंबित मामलों को विशेष रुचि लेकर निपटाया जाए।

दुर्गा पंडाल के आसपास यातायात व्यस्था एवं भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। किसी भी आपात स्थिति में समिति, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सूचना ⏭ शेष पेज 4 पर

### धूमधाम से मनाया गया श्री सर्वेश्वरी समूह स्थापना दिवस



**जशपुरनगर।** रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह 5:00 बजे प्रभात फेरी अघोर पीठ आश्रम वामदेव नगर गम्हरिया से बाकी टोली रोड से शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सती चौराहा पहुंची जहां ध्वजोतोलन और पूजा अर्चना के पश्चात प्रभात फेरी सोगड़ा आश्रम पहुंकी जहां ध्वजोतोलन और पूजा अर्चना के पश्चात प्रभात फेरी वापस अघोर पीठ आश्रम वामदेव नगर गम्हरिया मैं आकर सम्पन्न हुई। यहां ध्वजो तोलन पश्चात सफल योनि का पाठ उपेंद्रनाथ सहदेव के द्वारा किया गया मंगलाचरण संतोष मिश्रा के द्वारा एवं गुरु स्तुति श्री सर्वेश्वरी महिला संगठन जशपुर के द्वारा किया लघु गोष्ठी में श्रीमती राय मुनि भगत विधायक जशपुर के द्वारा बाबा अवधूत भगवान राम जी के बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया और आने वाले नवरात्र की बधाई दी गयी। लघु गोष्ठी में डॉक्टर आरके सिंह जशपुर , वैभव उपाध्याय जशपुर श्रीमती कविता सिंह जशपुर , अनंत शाह जशपुर अनुराग सिंह सोगड़ा आश्रम एवं पीके श्रीवास्तव जशपुर के द्वारा अपने अपने विचार रखे गए संचालन विद्यासागर उपाध्याय के द्वारा किया गया।

सप्ताह भर मनाई गई विभिन्न प्रतियोगिताएं

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा


शोभायात्रा में शामिल अग्र समाज के सदस्य।


शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की झांकी।

**पत्थलगांव।** महाराज अग्रसेन की जयंती के मौके पर शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस बार भी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप में निकाला गया था। जिसमें महाराज अग्रसेन की भव्य झांकियों के साथ ही वरिष्ठजनों,बच्चों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग इसमें शामिल हुए। अग्र समाज के पुरोधा महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस मौके पर यहां 1 सप्ताह तक विविध सामाजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब एक सप्ताह तक विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें समाज के बच्चे,युवा,बुजुर्ग यहां तक कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विजेता प्रतिभागियों का निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया गया। सोमवार ⏭ शेष पेज 4 पर

लीला देवी कॉलेज ऑफ
नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

## खबर संक्षेप

### वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट दूरस्थ गांवों में मनाया पोषण दिवस

**बिहारपुर।** वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट क्षेत्र के 16 ग्रामों में पोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिशुवती, गर्भवती महिलाओं और बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ ही कुपोषण से बचाव के उपायों को बताया गया। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार के बारे में बताया तथा हरी सब्जियां, दालें, अनाज और दूध जैसे पोषक तत्वों के नियमित सेवन की आवश्यकता बताई। प्रतिभागियों को टीकाकरण, स्तनपान और स्वच्छता के बारे में बताया।

### भीख मांगकर जीवन यापन करने वालों तक शिक्षक ने पहुंचकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले के सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है,यह अभियान 17 से 30 सितंबर तक चलेगा, शनिवार को सामुदायिक पहुंच दिवस के अवसर पर संकुल कन्या बिश्रामपुर के जन शिक्षक गौरी शंकर पाण्डेय और शिक्षक सुमन कुमार रवि ने शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों शनि मंदिर और हनुमान मंदिर के बाहर जाकर वहां भीख मांगकर जीवन-यापन करने वाले लोगों से मुलाकात की,शिक्षकों ने उनसे कहा कि स्वच्छता सिर्फ दिखावे के लिए नहीं,बल्कि सेहत और सम्मान से जुड़ी जिम्मेदारी है,उन्होंने लोगों को सिखाया कि कचरा इधर-उधर न फेंकें,हाथ धोने की सही तकनीक अपनाएं,साफ-सफाई से रहकर बीमारियों से बचें,छोटे बच्चों को भीख मांगने की प्रवृत्ति से दूर रखकर शिक्षा की ओर प्रेरित करें,संकुल कन्या बिश्रामपुर के समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी,इस साल अभियान अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

### आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद पर सतपता में निकाला गया जुलूस




**बिश्रामपुर।** ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर लगाए गए आई लव मोहम्मद पोस्टरों और टेंट को लेकर कानपुर में शुरू हुआ विवाद अब बिश्रामपुर और सतपता तक पहुंच गया है। ज्ञात हो कि कानपुर में इस पोस्टर को लेकर हुए हंगामे के बाद पुलिस ने नौ नामजद और पंद्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, प्रशासन का कहना है कि आयोजकों को पहले पोस्टर और टेंट हटाने को कहा गया लेकिन आदेश का पालन न होने पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए कार्रवाई करनी पड़ी। बताया गया कि कानपुर में हिंदू संगठनों ने इस पोस्टर को नई परंपरा की शुरुआत बताते हुए कड़ा विरोध जताया था,वहीं मुस्लिम संगठनों और स्थानीय लोगों ने इसे आस्था पर प्रहार करार दिया है,उनका कहना है कि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी तरह से आपत्तिजनक नहीं है, बल्कि यह धार्मिक प्रेम की अभिव्यक्ति है, ग्राम पंचायत सतपता में गौसिया कमेटी के नेतृत्व में युवाओं ने जुलूस निकालकर एफआईआर वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई ने समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है,सतपता पंचायत में गौसिया कमेटी ने जुलूस निकालते हुए कानपुर की घटना की कड़ी निंदा की है, उक्त प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने कहा कि भारत का हर मुसलमान इस कार्रवाई का विरोध करता है, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एफआईआर वापस नहीं ली गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### फर्नीचर दुकान के तीसरे माले से घुसकर चोरों ने सामान किया पार

**बिश्रामपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने शिवनंदनपुर मुख्य बाजार स्थित सांवरिया फर्नीचर दुकान के तीसरे माले का वेंटिलेशन तोड़ दुकान में प्रवेश कर कई सामान अपने साथ ले गये हैं।दुकान संचालक ने मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को लिखित में दी है।दुकान संचालक शुभम अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान के तीसरे माले के हिस्से के वेंटिलेशन के ग्रिल को तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में रखे कई सामान को अपने साथ ले गए हैं। चोरों द्वारा वेंटिसलेन को तोड़ने के लिए उपयोग में लाए गए सब्बल को मौके पर छोड़ दिया।रविवार को जब उन्होंने तीसरे माले के हिस्से को क्षतिग्रस्त देखा, तब उन्हें दूकान में चोरी हो जाने की भनक लगी जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है।चोर दुकान से क्या और कितना सामान साथ ले गये हैं,इसके लिए दुकान के स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।फिलहाल पुलिस हर दृष्टिकोण से मामले की जांच में लगी है।

### गाज की चपेट में आने से दो बैलों की मौत

**बिहारपुर।** विकासखंड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम उमझर में गाज की चपेट में आने से दो बैलों की मौत हो गई। ग्राम उमझर निवासी गोकुल सिंह ने रोज की तरह अपने बैलों को चरने के लिए खोला था। बैल घर के पास ही खेत में चर रहे थे। इस दौरान शाम 4 बजे अचानक गरज चमक होने लगी तथा गाज गिरी। गाज की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दोनों बैलों की मौत हो गई। बैलों मौत होने से गोकुल सिंह सिंह को भारी नुकसान हुआ है तथा कृषि कार्य प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित को आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई है।

## 38 करोड़ की लागत से बन रहा एकलव्य आवासीय विद्यालय

# स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रतापपुर ब्लॉक में करोड़ रुपए की लागत से बन रहे शासकीय एकलव्य स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण गुणवत्ता के विपरीत कार्य होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया ईंट, गिट्टी, सरिया और सीमेंट का उपयोग कर खुलेआम मानकों की अनदेखी की जा रही है। आवासीय विद्यालय आदिवासी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता और प्रक्रियाओं में बरती जा रही अनियमितताओं ने अब इस परियोजना पर भी सवाल उठने लगे है।

**खास बात**

- निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग करने का आरोप

नगर पंचायत क्षेत्र के सरनापारा में 38 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण अब विवादों में घिर गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदारी के माध्यम से तीन मंजिला स्कूल और छात्रावास भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के शुरुआत से ही मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नींव डालने से लेकर छत की ढलाई तक सहित हर चरण में निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग हो रहा है। एकलव्य स्कूल एवं छात्रावास भवन निर्माण में ढलाई के लिए लोहे की प्लेट के स्थान पर लकड़ी की प्लाई का उपयोग किया गया जिससे निर्माण कमजोर हो रहा है। इसके अलावा अच्छी गुणवत्ता वाली ईंटों की जगह फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग किया जा रहा है जो निर्माण को कमजोर कर रहा है। भवन ट्राइबल विभाग के तहत 34 एकड़ भूमि पर बन रहा है। निर्माण का टेंडर दिल्ली से जारी हुआ है और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कलेक्टर स्तर से किसी प्रकार की देखरेख नहीं हो रही। ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि करोड़ों की से निर्माण कराया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का शासकीय बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। स्कूल और छात्रावास गरीब आदिवासी बच्चों के लिए बनाया जा रहा है, जहां उन्हें आवास और शिक्षा की सुविधा मिलेगी। लेकिन निम्न गुणवत्ता वाले निर्माण के कारण भवन कितने दिन टिक पाएगी इस पर भी सवाल उठने लगे है।


निर्णाधीन स्कूल व छात्रावास भवन।

**सरकार को हो रहा है नुकसान**

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही रेत पास ही बहने वाली बांक नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही है। इससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि शासन को लाखों रुपये की राजस्व हानि भी उठानी पड़ रही है।

**सीमेंट की मात्रा काफी कम**

निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने ही गुणवत्ता की पोल खोल दी। मजदूरों का कहना है कि प्लास्टर कार्य में 30 तगाड़ी रेत में केवल एक बोरी सीमेंट मिलाकर काम किया जा रहा है। जोड़ाई भी बेहद घटिया स्तर की हो रही है। इससे साफ है कि न तो गुणवत्ता की परवाह की जा रही और न ही निर्माण मानकों का पालन। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री से भवन निर्माण होने से भवन लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकता।

**ग्रामीणों ने की जांच की मांग**

क्षेत्र के ग्रामीणों ने छात्रावास व स्कूल भवन में बरती जा रही लापरवाही को लेकर प्रशासन से जांच की मांग की है। साथ ही जांच कर ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण प्रारंभ होने तथा घटिया सामग्री का उपयोग करने पर लगातार विरोध और शिकायत की गई लेकिन आज तक गुणवत्ता की जांच नहीं की गई। अब तक भवन की दूसरी मंजिल तक ढलाई हो चुकी है और प्लास्टर का काम तेजी से चल रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है जांच नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

**कराई जाएगी जांच**

भवन निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है तो संबंधित विभाग से जांच कराई जाएगी। जांच में गुणवत्ता नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बालू से संबंधित दस्तावेज की जांच की जाएगी और अवैध खनन पर रोक लगाई जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक्सरे रूम की स्थिति अब तक बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपता, बिश्रामपुर का एक्सरे कक्ष एवं पहुंचने का रास्ता,दोनों की स्थिति दयनीय है,अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों और परिजनों को एक्सरे रूम तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,एक्सरे रूम तक जाने वाले सकरे मार्ग पर गंदगी का अंबार होने से न केवल मरीजों को परेशानी हो रही है, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार में जयनगर में ग्राम सतपता निवासी एक ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बदहाल एक्स रे रूम की शिकायत की थी, इसके कुछ दिन बाद सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया था,निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक्सरे रूम की जर्जर स्थिति और गंदगी को गंभीरता से लेते हुए बीएमओ अमित भगत समेत अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मशीन को तत्काल नए और बेहतर साफ कक्ष में शिफ्ट कराया जाए,ताकि मरीजों को राहत मिल सके।एसडीएम के निर्देशों के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है,एक्सरे मशीन अब भी पुरानी जर्जर जगह पर ही स्थित है और मरीजों को गंदगी से होकर सकरे रास्ते से गुजरने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है,ऐसे में सूरजपुर एसडीएम के द्वारा जारी निर्देशों की स्पष्ट रूप से अवहेलना होती दिख रही है,लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि गंदगी की वजह से कई मरीज तो एक्सरे कराने में ही कतराते हैं,परेशान लोगों व मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।

- सूरजपुर एसडीएम के निर्देशों का बीएमओ ने नहीं किया पालन, जारी किये निर्देश की हुई अवहेलना
- सुशासन तिहार में ग्रामीणों की शिकायत पर सूरजपुर एसडीएम ने शासकीय अस्पताल के एक्स रे कक्ष का निरीक्षण कर नाराजगी जाहिर करते हुए मशीन शिफ्टिंग का दिया था निर्देश

# दुर्गापूजा को लेकर प्रतापपुर थाने में शांति समिति की बैठक



**प्रतापपुर।** नवरात्रि दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन कर्ताओं ने लाइटिंग व्यवस्था और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने, जगह-जगह पंडालों में पुलिस तैनाती की मांग की। दुर्गा पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति बैठक में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे तथा विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी बातें रखीं। आयोजन पूजा समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि दुर्गा पंडालों परिसर से लेकर दूर-दराज लोगों, बच्चों, महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था चौक चौराहों पर अच्छा हो ताकि शाम के समय पंडालों में उमड़ने वाली भीड़ में लोगों को परेशानी न हो। साथ ही सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस की तैनाती की मांग की गई। अधिकारियों ने कहा कि पंडालों में उचित व्यवस्था हो पंडाल में कटे फटे तार न हो, आग लगने या दुर्घटना जैसे स्थिति होने पर रेत व फायर प्रूफ यंत्र हो तथा समिति के लोग रात में पंडाल में तीन लोग सोए। बैठक में एसडीएम ललिता भगत, एसडीओपी अनूप एक्का, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी अमित कौशिक, सतीश चौबे, राजेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मानती सिंह, प्रियंकल तिवारी, सूरज रजक, कौशल दुबे, विजय नारायण कुशवाहा,धर्मेंद्र श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा और विजयादशमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** नगर में दुर्गा पूजा और विजयादशमी के पर्व को लेकर रविवार को बिश्रामपुर थाना प्रांगण में एसडीओपी अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, बैठक में नगर के स्थानीय व्यापारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे,बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी दशहरा मेला की तैयारियों और पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द्र कायम रखने पर केंद्रित रहा,दशहरा मेला स्थल और मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, गौरीशंकर मंदिर समिति ने मेले में लगने वाली दुकानों के किराया दर तय कर उचित शुल्क वसूलने पर सहमति जताई,जिससे व्यवस्था और पारदर्शिता बनी रहे,स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्गों से गुजरने वाले भारी वाहनों की समस्या को भी गंभीरता से उठाया,लोगों का कहना था कि नगर के भटगांव मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही से राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इस पर एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने आश्वस्त किया कि उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि यातायात सुचारु और सुरक्षित रह सके,बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा और विजयादशमी के सभी आयोजन शांति और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न होंगे।बैठक में कुलवंत सिंह, इंजी.विनय सिंह,महेश गुप्ता,बिश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सुशील जैन, कृष्ण गोयल बल्लू, शीतीकांत स्वाई, गोपाल सिंह विद्रोही, अनुपम फिलिप, दिनेश कुमार गोयल, मलय नंदी,सतीश तिवारी, पार्षद संजीत याद्व, रविशंकर बउवा, वेद प्रकाश मिश्र, राजेंद्र पासवान,कुंदन विश्वकर्मा, अरुण पांडेय, कन्हैया दुबे, सज्जाद खान, अहमद वाहिद और प्रदीप प्रजापति शामिल थे। वहीं पुलिस विभाग से बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, प्रधान आरक्षक जेपी तिवारी, दरश देवांगन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सज गए पंडाल नवरात्र प्रारंभ



**राजपुर।** नगर में शारदीय नवरात्र व दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समितियों द्वारा भव्य रूप पंडाल का निर्माण कराया गया है जबकि मंदिरों में भी साज सज्जा की गई है। शारदीय नवरात्र को लेकर लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। विभिन्न पूजन समितियों द्वारा पंडाल का निर्माण करने के साथ ही शक्ति पीठों में साफ सफाई और रंग रोगन का काम चल रहा था। सोमवार शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ देवी मां दुर्गा की पूजा शुरू होगी और श्रद्धालुगण नौ दिन तक आदि शक्ति की आराधना में ली रहेंगे। शारदीय नवरात्र में दर्जनभर दे अधिक पूजा पंडालों में विधि-विधान से माता की प्रतिमाएं स्थापित होगी।

# कोयला कर्मियों के बोनस पर सहमति, 27 तक होगा भुगतान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के कर्मचारियों के लिए त्यौहारों के मद्देनजर कंपनी प्रबंधन ने बोनस और वेतन भुगतान को लेकर सकारात्मक निर्णय लिया है,शुक्रवार को निदेशक एचआर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित स्टीयरिंग कमेटी बैठक में कर्मचारियों की सुविधा और त्यौहारों के मद्देनजर अहम चर्चा की गई।

इस संबंध में एटक के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने बताया कि बैठक में सभी क्षेत्रों के प्रमुख अधिकारी और प्रतिनिधि जुड़े और कर्मचारियों की राय के आधार पर वेतन व बोनस भुगतान की रूपरेखा तय की गई, उन्होंने बताया कि बैठक में कोल कर्मचारियों को सितंबर का वेतन 4 दिन एडवांस सहित 26-27 सितंबर तक भुगतान करने का प्रस्ताव रखा गया,22 सितंबर को होने वाली मानकीकरण बैठक में बोनस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा, यदि 22 सितंबर को बोनस पर सहमति बन जाती है,तो कर्मचारियों को बोनस का भुगतान तुरंत कराया जाएगा,अगर उस दिन निर्णय नहीं हो पाता, तो सितंबर का वेतन एडवांस में देने पर कंपनी विचार करेगी,निदेशक एचआर ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का सितंबर माह का नियमित वेतन अक्टूबर की 4-5 तारीख तक उनके खातों में पहुंच जाएगा।

इस तरह दीपावली और छठ जैसे बड़े त्यौहारों से पहले कर्मचारियों को बोनस व वेतन दोनों मिलने से वे श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ पर्व मना सकेंगे,लंबे समय से वेतन व बोनस भुगतान को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। अब प्रबंधन द्वारा साफ तौर पर भुगतान की तिथि तय करने से कर्मचारियों की चिंताएं कम हुई हैं, त्यौहारों पर खर्च और पारिवारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# अंतर जिला मोबाइल चोर गिरोह के 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

साप्ताहिक बाजार से मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि मोबाइल चोरी करने वाले बसोर चोर गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।



साप्ताहिक बाजार में मोबाईल चोरी की घटना सामने आने पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने तत्काल कार्रवाई करने के साथ चोरी करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। जिए पर पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान तकनीकी मदद एवं मुखबीर की सूचना पर डकईपारा पटना के व्यक्तियों द्वारा घटना को अंजाम देने की सूचना पर थाना पटना के पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही सोनू बसोर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपने साथी मनोज कुमार, राम सिंह, सोनू, राजू बसोर, मुकेश उर्फ संदीप, जुगनू प्रसाद उर्फ सोनू एवं सोनू कुमार के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार से मोबाईल चोरी की करने की बात बताई जिस पर पुलिस न सभी को पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर 60 हजार कीमत के 5 नग मोबाईल,1 बटन स्प्रिंग चाकू, घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकल जब्त किया।

## यूपी का व्यक्ति गांव में ठेकेदार से पैसे लेकर कर रहा था विद्युत विस्तार का काम, अपराध दर्ज

# मकान से बरामद की गई 8.60 लाख की विद्युत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में विद्युत विभाग में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिले में अवैध रूप से लाए गए ट्रांसफार्मर, एलटी लाइन केबल व अन्य विद्युत सामग्रियों से लोगों को विद्युत कनेक्शन का कार्य करने की बात सामने आई है। इस बात का खुलासा खुद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने किया है। इस गिरोह का संचालन यूपी का एक व्यक्ति कर रहा था जिसके ठिकाने से 8.60 हजार रुपए की विद्युत लाइन विस्तार सामग्री बरामद की है। इस मामले में विद्युत विभाग के ईई ने चांदो थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है लेकिन इस कार्रवाई ने कई सवाल खड़े कर दिए है।





दरअसल विद्युत विभाग को सूचना मिली थी कि चांदो के नवाडीह क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा लोगों से पैसे लेकर विद्युत लाइन विस्तार का काम किया जा रहा है और बड़े पैमाने पर विद्युत विस्तार सामग्री का भंडारण किया गया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद सीएसईबी के ईई प्रकास कुमार अग्रवाल और विभाग की टीम ने चांदो नवाडीह कला निवासी विभा गुप्ता पति नरेश गुप्ता के मकान में दबिश दी। इस दौरान मकान में सीएसईबी के विद्युत विस्तार सामग्री का जखीरा देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उक्त सामग्री विभा गुप्ता के दामाद यूपी के दुद्धी निवासी मनोज गुप्ता आ. शिव शंकर प्रसाद गुप्ता द्वार अवैध रूप से भंडारित किया गया था। जब ईई ने मनोज गुप्ता से पूछताछ की तो उसने अधिकारियों को कह दिया कि वह ठेकेदार के साथ काम करता है लेकिन अधिकारियों के अनुसार मनोज गुप्ता के पास ना ही कोई लाइसेंस है और ना ही मौजूद सामग्रियों का कोई दस्तावेज था। ऐसे में सभी सामग्रियों को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सीएसईबी के ईई प्रकाश अग्रवाल द्वारा मामले की शिकायत चांदो थाने में की गई थी जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी मनोज गुप्ता के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136, 137 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**चल रही है जांच**

लम्बे समय से हमें शिकायत मिल रही थी जिसके बाद दबिश दी गई। मकान से भारी मात्रा में विद्युत विस्तार की सामग्री बरामद की गई है। मनोज गुप्ता के पास ना ही कोई लाइसेंस है और ना ही सामग्रियों का कोई वैध दस्तावेज। उसने सामान कहां से लाया अब तक नहीं बताया है। वह लम्बे समय से काम कर रहा था। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

-प्रकाश कुमार अग्रवाल
ईई, सीएसईबी बलरामपुर

**बरामद की गई ये सामग्री**

बताया जा रहा है कि प्रारंभिक जांच में विभा गुप्ता के मकान से अधिकारियों को एलटी सर्विस डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स 56 नग, 11/0.4 केवीए ट्रांसफार्मर 1 नग, एलटीएबी केबल 200 मीटर, एलटी डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स एंगल 58 नग, फिक्सिंग एंगल क्लैंप 118 नग, एलटी सर्विस रिंग 26 नग, एलटी पोल क्लैम्प आई हुक 303 नग, 63 केवीए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स 20 नग सहित 8.60 लाख रुपए के अन्य सामान बरामद किए गए है।

**ठेकेदारों को सप्लाई कर रहा था सामान**

अधिकारियों का कहना है कि मनोज गुप्ता वर्षों से क्षेत्र में अवैध रूप से विद्युत विस्तार सामग्री की सप्लाई विद्युत ठेकेदारों को कर रहा था। मनोज गुप्ता ने 25 हजार रुपए से 1 लाख रुपए देकर ट्रान्सफार्मर तक लगा दिया। लाइन खींचने भी मनोज कुमार करता था और इसके लिए क्षेत्र के ठेकेदार उससे सम्पर्क करते थे। मनोज कुमार सस्ते में काम करके देता था और ठेकेदार विद्युत विभाग में उसे अपना काम बताकर लाखों रुपए का बिल आहरित करते थे। यह खेल वर्षों से चल रहा है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि मनोज गुप्ता इतनी बड़ी मात्रा में विद्युत विस्तार की सामग्री कहां से लाता था और अब तक उसने किस किस ठेकेदार के साथ काम किया क्यों कि इस साझेदारी से विभाग को करोड़ो रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# मां के रूप में नजर आईं ये एक्ट्रेस, किसी ने निभाई काली की भूमिका तो किसी ने किया मां पार्वती का रोल

*मुंबई। नवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में बहुत ही खास और पवित्र माना जाता है। इस साल 2025 में नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो रही है और 2 अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद दशहरा का त्योहार मनाया जाएगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की शक्ति और भक्ति का प्रतीक है। भारतीय टेलीविजन पर बने इन धारावाहिकों ने मां दुर्गा और अन्य देवी रूपों की कहानियों को घर-घर तक पहुंचाया। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भारतीय टेलीविजन की उन अभिनेत्रियों की बात करते हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे पर मां दुर्गा, माता पार्वती, महाकाली और देवी रूपों का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। इन अभिनेत्रियों ने अपनी शानदार एक्टिंग से न केवल किरदारों को जीवंत किया, बल्कि इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बनाई।*

**मौनी रॉय** : मौनी रॉय आज बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। उन्होंने धारावाहिक 'देवों के देव महादेव' (2011-2014) में माता सती का किरदार निभाया। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। मौनी की खूबसूरती और अभिनय ने माता सती के किरदार को इतना खास बना दिया कि दर्शक उनकी तारीफ करते नहीं थकते थे। इससे पहले, मौनी ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' जैसे लोकप्रिय धारावाहिक में भी काम किया था, जिससे उनकी पहचान बनी।







**इंद्राणी हलदर** : राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री इंद्राणी हलदर ने दूरदर्शन के खास शो 'महालया' में मां दुर्गा की भूमिका निभाई थी। साल 2017 में जी बांग्ला के 'महालया' शो में उन्होंने मां दुर्गा के छह अलग-अलग अवतारों को बखूबी पर्दे पर उतारा। इंद्राणी का अभिनय काफी प्रभावशाली रहा। उनकी यह भूमिका आज भी लोगों के बीच चर्चित है।

**पूजा शर्मा** : अभिनेत्री पूजा शर्मा ने धारावाहिक 'महाकाली अंत ही आरंभ है' में माता पार्वती और महाकाली की भूमिका निभाई। उनका यह किरदार इतना दमदार रहा। जिसकी वजह से वह दर्शकों की पसंदीदा बन गईं। पूजा ने माता पार्वती के सौम्य रूप और महाकाली के उग्र रूप को इतनी खूबसूरती से पेश किया कि दर्शकों ने उनके अभिनय की जमकर तारीफ की। इस धारावाहिक ने उन्हें टेलीविजन इंडस्ट्री में एक नई पहचान दी।

**हेमा मालिनी** : बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी ने भी छोटे पर्दे पर अपनी छाप छोड़ी है। साल 1999 से 2000 तक दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'जय माता दी' में उन्होंने माता रानी की भूमिका निभाई। इस शो में हेमा मालिनी को मां दुर्गा के विभिन्न रूपों में देखा गया।

**सोनारिका भदौरिया** : सोनारिका भदौरिया ने 'देवों के देव महादेव' में माता पार्वती की भूमिका निभाकर दर्शकों का दिल जीता। यह धारावाहिक भगवान शिव और उनके जीवन पर आधारित है। इसमें सोनारिका ने महादेव की पत्नी माता पार्वती का किरदार बखूबी निभाया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा और उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ।

**आकांक्षा पुरी** : धारावाहिक 'विघ्नहर्ता गणेश' में आकांक्षा पुरी ने माता पार्वती की भूमिका निभाई। यह शो भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान शिव और भगवान कार्तिकेय के जीवन की कहानियों पर आधारित है। आकांक्षा ने माता पार्वती के किरदार को इतने शानदार तरीके से निभाया कि दर्शकों ने उन्हें खूब पसंद किया। इस शो ने उनकी एक्टिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

**पूजा बोस** : टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री पूजा बोस ने भी 'देवों के देव महादेव' में माता पार्वती, महाकाली और मां दुर्गा के किरदार निभाए। उनके इन किरदारों को दर्शकों ने खूब पसंद किया। पूजा ने इन किरदारों को इतने शानदार तरीके से निभाया कि वह दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गईं। उनकी एक्टिंग ने उन्हें इंडस्ट्री में एक खास मुकाम दिलाया।

## इन गानों में हैं मां दुर्गा की महिमा का वर्णन

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के 9 भक्तिमय दिनों में मां की महिमा का वर्णन कर रहे गीत हर जगह सुनाई पड़ते हैं। ऐसे समय में भक्ति को और बढ़ाने में फिल्मी गीतों का योगदान अहम है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम फिल्मों में मां दुर्गा पर गाए कुछ भजनों को याद कर रहे हैं।




***काल के पंजे से माता बचाओ, जय माँ अष्ट भवानी*** : 1979 में रिलीज फिल्म 'सुहाग' में अमिताभ और रेखा पर फिल्माए इस गीत में 'मां' की महिमा का वर्णन किया गया है। मोहम्मद रफ़ी और आशा भोसले की आवाज़ तथा लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के संगीत के बीच यह गीत काफी लोकप्रिय हुआ था।

***चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है*** : 1983 में रिलीज 'अवतार' फिल्म में राजेश खन्ना और शबाना आजमी पर फिल्माए गए इस गीत को नरेंद्र चंचल ने गाया है। यह गीत बहुत लोकप्रिय हुआ। 'मां' की महिमा का इससे बेहतर ढंग से वर्णन अन्य किसी गीत में नहीं है।




***तुने मुझे बुलाया शेरा वालिये, मैं आया मैं आया शेरा वालिये*** : 1980 में रिलीज फिल्म 'आशा' में जितेंद्र और रामेश्वरी पर फिल्माए गए इस गीत में भी नरेंद्र चंचल ने अपनी मधुर तान बिखेरी है। गीत के हर बोल में मां की महिमा का भावुक वर्णन किया गया है। आनंद बक्षी के बोल को लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने संगीत से सजाया है।

***माँ मेरी मां से मिला दे मुझे*** : 1985 में रिलीज फिल्म 'मर्द' में ओ मां शेरावाली गीत अमिताभ बच्चन ने गाया है। इसमें उन्होंने अपनी मां से मिलाने की प्रार्थना की है। शब्बीर कुमार ने इस गीत में अपनी आवाज़ दी है। अन्नु मलिक ने संगीत दिया है।

***दुर्गा है मेरी मां, अम्बे है मेरी मां*** : मनोज कुमार और दिलीप कुमार अभिनीत प्रसिद्ध फिल्म 'क्रांति' के इस गीत को महेंद्र कपूर और मीनू पुरुषोत्तम ने गाया है। संतोष आनंद ने इस गीत को लिखा है। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने इसमें संगीत दिया है।



## ऐसे क्या किया कि लगे 31 के लगने!

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 यानी गोविंदा लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। लेकिन, रियलिटी शोज में उन्हें कई बार देखा जाता है। हाल ही में पैप्स ने एक्टर को सुपर डांसर के ग्रैंड फिनाले सेट पर स्पॉट किया। वायरल तस्वीरों में गोविंदा का लुक बेहद स्टाइलिश और क्लासी लग रहा है। 61 की उम्र में भी गोविंदा की ऐसी एनर्जी और फिटनेस देख सभी चौंक जाते हैं। अभिनेता कई यंगस्टर्स को अपने इस अंदाज से मात दे सकते हैं। प्रॉपर डाइट और लाइफस्टाइल से 61 की उम्र में भी गोविंदा 31 के लगते हैं। आज भी बॉलीवुड के हिट एक्टर गोविंदा का हर अंदाज कातिलाना है। अब अभिनेता की ये लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सभी लोग गोविंदा के स्टाइल और फिटनेस की जबरदस्त तारीफ कर रहे हैं।



## फिल्म हैवान में कैमियो करेंगे मोहनलाल

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अपकमिंग हिंदी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में होंगे। एक इंटरव्यू में फिल्म निर्माता ने आखिरकार फिल्म के बारे में एक बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने बताया है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस फिल्म में नजर आएंगे। प्रियदर्शन ने कहा हैवान में मोहनलाल हैं। हालांकि, वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।' प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म 'हैवान' बन रही है। मोहनलाल इसमें कैमियो रोल करेंगे।

### हॉलीवुड मसाला



## 2025 में इन हॉलीवुड सितारों के घर गूंजेगी किलकारियां

**लॉस एंजिल्स।** साल 2025 हॉलीवुड के लिए काफी यादगार साबित होने जा रहा है, क्योंकि इस साल कई बड़े सितारे न सिर्फ प्रोफेशनल अचीवमेंट्स के कारण सुर्खियों में हैं, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के नए चैप्टर की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस साल हॉलीवुड में कई फैंस के लिए खास खुशखबरी आने वाली है। रिहाना अपने परिवार में तीसरे बच्चे का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। अपने दो बेटों एथल्सटन मेयर्स और रायट रोज मेयर्स के बाद रिहाना अब एक बार फिर मां बनने वाली हैं। पावरफुल और मशहूर रैपर कार्डी बी भी इसी साल अपने चौथे बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। कॉमेडियन पीट डेविडसन और मॉडल एल्सी ह्यूइट भी इस साल पेरेंट्स बनने वाले हैं। ह्यूइट ने 16 जुलाई को इंस्टाग्राम पर यह खुशखबरी साझा की और साथ ही कुछ प्यारी तस्वीरें और वीडियो भी अपने फैंस के साथ साझा किए। रॉड स्टुअर्ट की बेटी किम्बर्ली स्टुअर्ट इस साल के आखिरी में अपने बेटे का स्वागत करने वाली हैं। किम्बर्ली ने 17 मार्च को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी प्रेग्नेंसी की जानकारी फैंस के साथ साझा की।

### टीवी मसाला



## सलमान ने गौरव को झाड़ा फर्नीचर से कर दी तुलना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के लेटेस्ट वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट सलमान खान ने 'अनुपमा' एक्टर गौरव खन्ना को खूब लताड़ा, क्योंकि वे घर में कम एक्टिव हैं। सलमान ने उनकी तुलना एक फर्नीचर से कर दी। सलमान ने गौरव को 'इंडियन टीवी का चहेता लड़का' और 'ग्रीन फ्लैग' भी कहा, लेकिन उन्हें याद दिलाया 'बात एडिटिंग की नहीं है। आप खुद ही अपना स्क्रीन टाइम कम कर रहे हैं'। उन्होंने कहा कि गौरव अब तक सिर्फ 20 मिनट ही दिखाई दिए हैं। सलमान खान ने गौरव खन्ना से पूछा, 'आपका घर में जो दिख रहा है, ये आपका असल किरदार है? क्या आप दूसरे कंटेस्टेंट्स के टैलेंट से घबरा रहे हैं? आपको मुद्दों पर बोलना चाहिए। आप उस पर परफॉर्मेंस का प्रेशर कैसे ले रहे हैं? ये दिमाग का कॉम्पिटीशन है, मुद्दों से सही तरीके से निपटने का। आप एक समझदार इंसान हैं, इसका इस्तेमाल क्यों नहीं कर रहे हैं?' पर गौरव खन्ना ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वो टास्क के दौरान होने वाली गालियों और अग्रेशन (गुस्से) से दूर रहना पसंद करते हैं। इस पर सलमान ने कहा, 'घर में आपका रोल किसी स्टार के कैमियो जैसा है, जो पोस्टर में नजर आता है, लेकिन पिक्चर में नहीं दिखते।' सलमान ने आगे बताया कि दर्शक गौरव को एक्टिव नहीं देख पा रहे हैं। वे उन्हें सिर्फ सोफे पर बैठे या कभी-कभार कॉमेंट करते हुए ही दिख रहे हैं। यहां तक कि चौथे हफ्ते में भी। दर्शकों को प्रोड्यूसर्स को झूठा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि लोगों को लग सकता है कि वो वही गौरव नहीं हैं, जिसे उन्होंने पर्दे पर देखा था।

## अपनी ही मां पर भड़की परी तुलसी को सुनाएगी खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अबतक आपने देखा कि तुलसी ने परी को रणविजय के साथ चॉल में देख लिया था। परी को देखकर वो बुरी तरह टूट जाती है। अब आप देखेंगे कि परी जैसे ही घर आएग वो मिहिर को परी की सच्चाई बताएगी। वो कहेगी कि उसने परी को रणविजय के साथ चॉल में देखा। ये बात सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा। हालांकि, परी फिर अपने परिवार से झूठ बोलेगी और तुलसी को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर देगी। दरअसल, जब तुलसी चॉल में परी को देखकर बेहोश होती है। वहां, पूरी चॉल इकट्ठा हो जाती है। परी और रणविजय भी वहां आते हैं। परी अपनी मां को वहां देखकर हैरान रह जाती है। वो जल्दी से चॉल से निकलकर अपने घर भागती है। घर में जाकर वो गायत्री बा से मदद मांगती है। वो उनसे कहती है कि अगर घर में कोई कुछ पूछे तो वो ये कह दें कि वो उनके साथ थी।



## किंग से लीक हुआ शाहरुख का लुक सुहाना-अभिषेक का दिखा ऐसा अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह, शाहरुख खान को फैंस लंबे समय से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। सुपरस्टार आखिरी बार 2023 की फिल्म डंकी में दिखाई दिए थे। अब सुपरस्टार 'किंग' में नजर आएंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है और इस बीच फिल्म के सेट से शाहरुख खान की लुक लीक हो गया है। इतना ही नहीं, अभिषेक बच्चन और सुहाना खान का भी फर्स्ट लुक वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'किंग' के सेट से कई तस्वीरें सामने आई हैं। एक फोटो में शाहरुख खान व्हाइट शर्ट, सिर पर बेज हैट और ग्रे दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनकी गर्दन पर टैटू बना भी दिखाई दे रहा है। वहीं, एक दूसरी फोटो में शाहरुख खान का डैपर लुक देखने को मिला. शॉर्ट हेयरकट, पूरी बॉडी पर टैटू, आंखों पर चश्मा लगाए बाइक पर बैठे एक्टर स्वैग में दिख रहे हैं। उनके इस लुक ने 'किंग' को लेकर फैंस में एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दी है। 'किंग' के सेट से सुहाना खान की भी एक झलक सामने आई है। फोटो में एक्ट्रेस क्रू के बीच खड़ी दिख रही हैं। ब्राउन ट्यूब टॉप और बेज पैंट में वो काफी कूल नजर आ रही हैं। वहीं अभिषेक बच्चन का फर्स्ट लुक भी वायरल है जिसमें एक्टर बढ़ी हुई दाढ़ी और ब्लेजर पहने दिख रहे हैं। बता दें कि 'किंग' में एक से बढ़कर एक सितारे नजर आने वाले हैं।







### मलयालम सिनेमा के अभिनेता मोहनलाल को दिया जाएगा दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023

## साउथ के इन महान कलाकारों को मिला दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड


*नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के अभिनेता मोहनलाल को भारतीय सिनेमा का सबसे मशहूर पुरस्कार 'दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड 2023' दिया जाएगा। यह अवॉर्ड सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जाएगा। अभिनेता को अवॉर्ड मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। इससे पहले साउथ के कई कलाकारों को इस अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है।*

***बी.एन रेड्डी*** : *बी.एन रेड्डी तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक थे। उन्हें सिनेमा में योगदान के लिए साल 1974 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें 1974 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रेड्डी को फिल्म बंगारू पापा, भाग्य रेखा और रंगुला रतनाम के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। उन्हें फिल्म बंगारू पंजाराम के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया।*

***एल.वी. प्रसाद*** : *एल.वी. प्रसाद फिल्म निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और कारोबारी थे। उन्होंने तेलुगु, तमिल और हिंदी में काम किया। उन्हें साल 1982 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें फिल्म मंगैयार थिलाकम और दार्या भरतालू के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा बॉलीवुड की फिल्म खिलौना (1970) के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड से नवाजा गया।*

***बी.नागी रेड्डी*** : *बी.नागी रेड्डी तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्माता थे। उन्होंने हिंदी में भी काम किया। उन्हें 1986 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। कन्नड़ फिल्म मादुवे मादिनोदू के लिए उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया। इसके*







*अलावा तेलुगु फिल्मों 'मायाबाजार' और गुंडम्मा कथा के लिए फिल्म फेयर अवार्ड दिया गया।*

***अक्किनेनी नागेश्वर राव*** : *अक्किनेनी नागेश्वर राव तेलुगु सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता थे। सिनेमा में उनका 7 दशक लंबा कॅरियर रहा। साल 1990 में उन्हें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें 1968 में पद्म श्री, 1988 में पद्म भूषण और 2011 में पद्म विभूषण पुरस्कार दिया गया। राव को फिल्म सुदिगुंदालु, मरापुरानी मनिषी, आत्मा बंधुवुलू और सीतारमैया गरी मानवरालु के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। उन्हें 1988 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया।*

***राजकुमार*** : *राजकुमार कन्नड़ सिनेमा के बेहतरीन एक्टर और गायक थे। साल 1995 में उन्हें दादासाहेब पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें 1983 में पद्म भूषण अवॉर्ड भी दिया गया। उनकी 39 फिल्मों को 63 बार अलग-अलग भाषाओं में दोबारा बनाया गया। साल 2011 में कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने उन्हें भारत रत्न पुरस्कार देने का ऐलान किया। उन्होंने सत्य हरिश्चंद्र, मयूरा और भक्त प्रहलाद जैसी फिल्मों में अभिनय किया।*

***शिवाजी गणेशन*** : *शिवाजी गणेशन तमिल सिनेमा के अभिनेता और फिल्म निर्माता थे। साल 1996 में उन्हें सिनेमा में योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें 1966 में पद्म श्री और 1984 में पद्म भूषण अवॉर्ड दिया गया। उन्होंने अपने करियर में 288 फिल्मों में अभिनय किया। तमिल के अलावा उन्होंने तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी काम किया।*

***अदूर गोपालाकृष्णन*** : *अदूर गोपालाकृष्णन मलयालम फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता हैं। उन्हें साल 2004 में सिनेमा में योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। उन्हें लगभग 17 बार नेशनल अवॉर्ड दिया गया। उनकी बेहतरीन फिल्मों में 'नालू पेनुंगल', अनंतराम और मुखामुखम शामिल हैं।*

***डी रामानायडू*** : *डी रामानायडू तेलुगु सिनेमा के फिल्म निर्देशक थे। इन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए साल 2009 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। इन्हें फिल्म असुख और होप के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजा गया।*

***के. बालचंदर*** : *के. बालचंदर तमिल सिनेमा के अभिनेता, निर्देशक, फिल्म निर्माता और पटकथा लेखक थे। उन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए साल 2010 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया। साल 1987 में उन्हें पद्म श्री से नवाजा गया। उनके नाम कुल आठ नेशनल फिल्म अवॉर्ड हैं।*

## खबर संक्षेप




### पंचायतों में किए गए स्वच्छता शपथ कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' अभियान अंतर्गत 1 सितम्बर 2025 को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिसमें जिले के ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य शासकीय भवनों में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले एवं गांव को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन करने और आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। जिले में चल रहे ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह शपथ कार्यक्रम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### जेल से फरार विचाराधीन कैदी मृत मिला

**राउरकेला।** विश्वकर्मा पूजा के दिन राउरकेला स्पेशल जेल से फरार हुआ विचाराधीन कैदी सुरेश बड़ला रविवार सुबह मृत अवस्था में मिला। उसका शव जेल परिसर के पीछे स्थित जंगल क्षेत्र की समतल भूमि पर बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस वैज्ञानिक दल के साथ मौके पर पहुँची और जांच शुरू कर दी। सुरेश बड़ला राउरकेला के कलूंगा, ब्राह्मनीतरंग थाना क्षेत्र का निवासी था। जुलाई माह से वह जेल में बंद था। उस पर अपनी ही मां की हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप था। सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले वह टावर के सहारे जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया था। यह घटना उस समय पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी किरकिरी का कारण बनी थी। अब उसके शव का इस हालत में मिलना पुलिस के लिए फिर से सिरदर्द बन गया है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और सुरेश के परिजन भी पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है।

### शिक्षक-विद्यार्थियों ने मिलकर दिया संदेश

**रायगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोतरा में स्वच्छता पखवाड़ा उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पेंटिंग और मूर्ति शिल्प कला जैसी गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुँचाया। विद्यालय के नन्हे बच्चों ने कक्षाओं और प्रांगण में स्वयं झाड़ू लगाकर यह दिखाया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, जीवन का मूल मंत्र है। सभी शिक्षकों ने भी झाड़ू उठाकर सफाई का संदेश दिया।

### ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग के बाद से हो रही अनेदखी

# सारंगढ़ बस स्टैंड की सुध नहीं ले रहा नगर निगम, सुविधाओं के लिए तरस रहे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर का सारंगढ़ बस स्टैंड अपनी बदहाली से जूझ रहा है। रोजाना सैकड़ों यात्री यहां से सारंगढ़, सरिया, बिलासपुर और चांपा जैसे इलाकों के लिए सफर करते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है। पार्किंग, शौचालय और प्रतीक्षालय जैसी जरूरी व्यवस्थाओं के अभाव में लोग मजबूरी में परेशानियों के बीच सफर करने को मजबूर हैं।

बता दें कि सालों पहले इस बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया गया है। लेकिन शिफ्टिंग के बाद नगर निगम ने इसे भूला दिया है। नगर निगम में कई बार सत्ता बदल गई। शहर सरकार में हर बार नए चेहरे सामने आए, लेकिन किसी ने यहां की सुध नहीं ली। उल्टा हर बार यहां परेशानी ही बढी है। बस स्टैंड बाईपास के सामने बना है। जहां चौबीसों घंटे ट्रकों का आना जाना लगा रहता है। इससे पूरे परिसर में धूल उड़ती रहती है। यात्रियों का कहना है कि धूल की वजह से बस का इंतजार करना भी मुश्किल हो जाता है। बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं। स्टैंड में पानी और कीचड़ भर जाता है जिससे लोगों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती।



#### प्रतीक्षालय जर्जर, चोरों ने चुरा लिया है पंखा

बस स्टैंड का प्रतीक्षालय पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत और दीवारें टूटी हुई हैं बारिश का पानी अंदर बहने लगता है और बैठने के लिए लगी कुर्सियां भी टूट चुकी हैं। यात्रियों को घंटों खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है। यहां ये बताना लाजिमी होगा कि प्रतीक्षालय में सिलिंग फैन भी नहीं चलता है। यहां सिलिंग फैन को चोरों ने चुरा लिया था, तब से यहां पंखा नहीं लगा है। तपती गर्मी में लोग यहां बैठकर बसों का इंतजार करते हैं।

#### पार्किंग और शौचालय का अभाव

यहां यात्रियों के लिए न पार्किंग की जगह है और न ही शौचालय है। लोग मजबूरी में अपनी गाड़ियां बाहर सड़क किनारे खड़ी करते हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। शौचालय न होने से महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। रविवार को हमने कई लोगों से बातचीत की तो उन्होंने इसका जिम्मेदार नगर निगम को बताया। यात्रियों ने कहा कि बस स्टैंड में कम से शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।

#### यात्रियों ने की शिकायत

यात्री शुभम कुमार ने कहा अगर एक दो समस्या होती तो समझ आता, लेकिन यहां तो हर तरफ दिक्कत है। सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया की शौचालय नहीं है, जिसकी वजह से छोटे बच्चों और महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी बस स्टैंड की हालत जानते हुए भी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे। मरम्मत और साफ सफाई तक की सही व्यवस्था नहीं है। सारंगढ़ बस स्टैंड की यह हालत नई नहीं है, लंबे अर्से से यहां लोगों को समस्याओं का सामना करना पड रहा है। लेकिन इसका आज तक समाधान नहीं हो पाया।




## गिनाबहार में 50 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का निर्माण शुरू

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है। जिले के कुनकुरी ब्लॉक अंतर्गत गिनाबहार में 50 बिस्तरीय मातृ-शिशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। लगभग 8 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह अस्पताल क्षेत्रवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, जिले के विकास और लोगों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बन जाने से न केवल जशपुर बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों की माताओं, बहनों और बच्चों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को समय पर उपचार और देखभाल मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और निर्धारित समय सीमा में अस्पताल का निर्माण पूरा किया जाए।

#### स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बढ़ता जशपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। हाल के वर्षों में अनेक योजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है। जिले को 220 बिस्तर का आधुनिक अस्पताल मिल चुका है, वहीं 35 करोड़ की लागत से कल्याण आश्रम में अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण हो रहा है। आधा दर्जन नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति दी गई है, 11 अतिरिक्त एम्बुलेंस और 2 शव वाहन की व्यवस्था भी की गई है। मातृ-शिशु देखभाल को प्राथमिकता देते हुए नए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया गया है। इन पहलों से आने वाले समय में जिले के आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और जशपुर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में प्रदेश का अग्रणी जिला बनकर उभरेगा।

## दो चरणों में होगा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन का चुनाव

**पत्थलगांव / जशपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला जशपुर ब्लॉक अध्यक्षों का निर्वाचन दो चरण 27 सितम्बर 5 अक्टूबर 2025 को होगा। 12 अक्टूबर 2025 को जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा।

आज की बैठक में फेडरेशन के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि फेडरेशन लोकतांत्रिक परम्परा का निर्वहन करता है और इसी कड़ी में तीन वर्ष बाद पुनः संगठन का चुनाव होने जा रहा है इसमें संगठन के सभी सदस्यों की महती भूमिका होनी चाहिए सभी आपसी रजामंदी से संगठन का नेतृत्वकर्ता चुने। फेडरेशन में पूरी पारदर्शिता के साथ चुनावी प्रकिया सम्पन्न होती है और फेडरेशन अंतिम पंक्ति के सदस्यों को भी संगठन में नेतृत्व करने का अवसर देता है। यह छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की यह खूबसूरती है जो इसे अन्य संगठनों से पृथक करती है बहुत ही गर्व की बात है कि एक बार फिर से हम संगठन का लोकतांत्रिक पर्व मनाने जा रहे । संगठन के त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 की चुनावी जानकारी, आवश्यक तैयारी, कार्यानुपालन एवं मार्गदर्शन को लेकर अत्यावश्यक बैठक जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता की अगुवाई में 20 सितम्बर 2025 को कुनकुरी रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के समस्त विकासखंड अध्यक्षों ने शिरकत की। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वानुमति से पारित किये गए। चुनावी कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी जिलाध्यक्ष द्वारा प्रदान की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित सूचना के अनुसार विभिन्न ब्लॉकों में निर्वाचन /मनोनयन कार्य दो चरणों में 27 सितम्बर 2025 एवं 05 अक्टूबर को सम्पन्न किया जाना है। पत्थलगांव, फरसाबहार, कांसाबेल, बगीचा,मनोरा। कुनकुरी, दुलदुला, जशपुर होगा। विकासखंड अध्यक्षों का निर्वाचन विकासखंड के विधिमान्य सदस्यों शिक्षकों के द्वारा किया जाएगा।

यदि किसी विकासखंड में निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होता है तो वहां संगठन निर्वाचन आयोग के जिला प्रभारी द्वारा मोमेंटो प्रदाय किया जाएगा। समस्त विकासखंडों में निर्वाचन तिथि के पूर्वः अनिवार्यतः ऑफलाइन बैठक आयोजित कर निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आम शिक्षक साथियों को प्रदान की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को दी गई। बैठक में जिले के सभी कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमशंकर यादव, पुरेन्द्र यादव,यशवंत यादव,महेंद्र सिंह ,संजय बेक,भरत यादव ,नरेश यादव,दीपक मार्टिन आदि उपस्थित थे।

## दीपिका व मुस्कान ने विज्ञान अनुसंधान यात्रा में किया जिले का प्रतिनिधित्व

**जशपुरनगर।** स्कूली छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन 13 सितंबर से 18 सितंबर 2025 किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिले से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं का चयन किया गया एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाए शामिल है। कलेक्टर रोहित व्यास के पहल पर विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में और अधिक रूचि जागृत करने हेतु समय- समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जाता रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी पी. के.भटनागर व स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा दीपिका भगत और मुस्कान भगत को बधाई व शुभकामनाएं देते यात्रा हेतु रवाना किया। संपूर्ण यात्रा जेपी रथ अतिरिक्त संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के कुशल मार्गदर्शन में केके शुक्ला, ओपी मिश्रा (सहायक प्राध्यापक), डॉ वसीम रजा , डॉ चंद्रवंशी व छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयोजन से सम्पन्न हुआ। संपूर्ण यात्रा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के दिशानिर्देश पर छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से सफल रही। इस यात्रा से समस्त छात्राएं व शिक्षिकाए लाभांवित हुई। इस पहल से छात्राओं में विज्ञान और तकनीकी के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार हुआ। इस विज्ञान अनुसन्धान यात्रा को सफल बनाने में जशपुर जिले की ओर से जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग की अहम भूमिका रहीं।



## गांवों के विकास योजना बनाने लोगों में दिख रहा उत्साह

- सेमरकछार, छिछली, हल्दीमुंडा में आदि सेवा केंद्रों का शुभारम्भ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'आदि कर्मयोगी अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य, जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर प्रत्येक चयनित ग्राम में 'आदि सेवा केंद्र' की स्थापना की जा रही है। इन आदि सेवा केंद्रों में शासकीय सेवाओं की प्रदायगी और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए आयोजना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इन आदि सेवा केंद्रों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' और 'आदि कर्मयोगी सेवा अभियान' का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जनपद पंचायत कांसाबेल के ग्राम सेमरकछार में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष सरिता भगत द्वारा किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत दुलदुला के ग्राम पंचायत गट्टीबुड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम हल्दीमुंडा, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम छिछली में आदि सेवा केंद्र का जनप्रतिनिधियों द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अभियान अंतर्गत ग्राम के स्वयंसेवी युवाओं, एनजीओ, सीएसओ के द्वारा ग्राम में भ्रमण कर गांव के समग्र विकास के लिए घर घर जाकर लोगों को ग्राम के विकास में भागीदार बनाया जा रहा है। इसके लिए ग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा मिलकर पूरे गांव में लोगों से चर्चा कर उनसे गांव के विकास के लिए उनके सुझाव लिए जा रहे हैं एवं समस्याओं को चिन्हांकित कर उनका सर्वे के माध्यम से जानकारी ली जा रही है। इन सभी का उपयोग गॉंव के समग्र विकास के लिए 'ट्राइबल विलेज विजन 2030' के निर्माण में किया जाएगा। इसके तहत सोमवार को जनपद पंचायत दुलदुला में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम पंचायत चटकपुर के ग्राम डंडाडीह एवं करडेगा में ग्राम योजना निर्माण हेतु नक्शा तैयार किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत कांसाबेल के ग्राम पंचायत लमडांड एवं नकटीमुंडा में स्वयंसेवियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सर्वे करते हुए ग्राम भ्रमण किया। इसी तरह ग्राम दंडाडीह में भी ग्राम के विकास के लिए विजन तैयार करने हेतु भ्रमण किया गया। इसके प्रति ग्रामीणों में वृहद उत्साह नजर आ रहा है, लोग स्वयमेव इस अभियान में जुड़ कर ग्राम के विकास के लिए योजना निर्माण में अपने सुझाव एवं योगदान देने के लिए आगे आ रहे हैं। सभी खुश हैं कि अब वो भी ग्राम के विकास में सहयोगी बन पा रहे हैं। कहीं जमीन पर तो कहीं चौपाल लगा कर लोगों से योजना निर्माण पर चर्चा की जा रही है।



## नव संकल्प शिक्षण संस्थान बदल रहा युवाओं का जीवन

**जशपुरनगर।** नव संकल्प शिक्षण संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा प्रदान कर उनके भविष्य को संवार रहा है। यह पहल युवाओं के लिए उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इसी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर सीजी पीएससी बैच की छात्रा कुमारी खिरोमणी बाई का चयन प्रयोगशाला परिचारक पद पर हुआ है। वहीं, इसी प्रकार कांसाबेल विकासखंड की ग्राम सारूकछार की समिता चक्रेश ने व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेशभर में महिला वर्ग में प्रथम स्थान और समग्र सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने 100 में से 88 अंक अर्जित किए। समिता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, लगातार अभ्यास और नव संकल्प के मार्गदर्शन को दिया। समिता चक्रेश बताती है कि "लगातार अभ्यास और नव संकल्प के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। वहीं कुमारी खिरोमणी बाई ने कहा – "नव संकल्प ने मुझे सही माहौल और बेहतर मार्गदर्शन दिया।



## 33 दिन बाद थमी एनएचएम कर्मियों की हड़ताल

- गाजे-बाजे के साथ दफ्तर लौटे कर्मचारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर बीते 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे जिले के 845 से अधिक एनएचएम कर्मचारी आखिरकार 33 दिन बाद काम पर लौट आए। सोमवार को सभी कर्मचारी गाजे-बाजे और उत्साह के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घनश्याम सिंह जात्रा को सामूहिक उपस्थिति पत्र सौंपा।

करीब 20 वर्षों से संविदा पर कार्यरत 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों में से 4 को तत्काल पूरा कर दिया गया है। इनमें 5 लाख का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, 27% महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत की वृद्धि, 30 दिन का सवैतनिक मेडिकल अवकाश, वार्षिक गोपनीय चरित्र प्रमाण-पत्र (CR) में पारदर्शिता शामिल हैं। इसके अलावा, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति और स्थानांतरण नीति को अगले तीन माह में लागू करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं, संविलियन, पब्लिक हेल्थ कैडर और नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण पर शीघ्र कार्यवाही का भरोसा सरकार ने दिलाया है। एनएचएम संघ ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बघेल सहित विभागीय अधिकारियों की पहल के बाद लिया। संघ ने कहा कि वर्षों से लंबित मांगों को ठोस दिशा देने के लिए सरकार और अधिकारियों की सार्थक पहल स्वागतयोग्य है।



## अभिनव में एनएसएस छात्रों ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में स्थित अभिनव विद्यामंदिर के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्रों द्वारा इन दिनों सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी ने छात्रों के लिए विशेष समय-सारिणी जारी की है, जिसे एनएसएस प्रभारी सक्रिय रूप से लागू कराते हैं। इस योजना के तहत छात्रों को उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों में सबसे पहले अभिनव विद्यामंदिर को एनएसएस चलाने की मान्यता मिली थी। तब से लेकर आज तक, यह एनएसएस लगातार सामाजिक, धार्मिक एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बीते दिनों, एनएसएस के छात्रों ने स्कूल परिसर के साथ-साथ स्कूल पहुंच मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया।



## पेज 1 का शेष

### भव्य शोभा यात्रा ...

लगाते हुवे भव्य कलश यात्रा निकाली गई है कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए,पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की हुई थी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने सती धाम से यात्रा निकलने से काफी पहले ही स्टेट हाईवे पर दोनों ओर से यातायात को पूरी तरह से रूकवा दिया था। कलश यात्रा की सुरक्षा के लिए रैली के साथ भी पुलिस के जवान चल रहे थे।

### फरार अपराधियों की ...

तंत्र को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। मुखबिरों को सक्रिय करने, तकनीकी निगरानी साधनों का उपयोग बढ़ाने और स्थानीय जनता से संवाद स्थापित करने पर जोर दिया गया। प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल और परिणाममुखी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने नशे के कारोबार पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। खासकर बच्चों तक नशे की पहुंच रोकने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि डेंड्राइट, सुलेशन, टेबलेट और अन्य नशीले पदार्थ उपलब्ध कराने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि संदिग्ध दुकानों की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए एसएसपी ने कहा कि ऐसे मामलों में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ितों को हर संभव मदद और सुरक्षा दी जाए। रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने, संदिग्धों पर नजर रखने, पैदल मार्च और विजिबल पुलिसिंग को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। एसएसपी ने अधिकारियों को चेताया कि शिकायतकर्ता थाना से निराश होकर न लौटें। सभी शिकायतों का निष्पक्ष और त्वरित निराकरण किया जाए। निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग और कांबिंग गश्त अनिवार्य हो। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, एसडीओपी बगीचा दिलीप कोसले, एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, श्रीमती मंजूलता बाज, पुलिस अधीक्षक सुरक्षा विजय सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे सहित सभी थाना चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### महाराजा अग्रसेन ...

को महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रूक रूक कर हो रही भारी बारिश के बीच शाम करीब 4 बजे शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई। आगे आगे युवाओं का हुजूम अग्रध्वज लेकर चल रहा था। शोभायात्रा के लिए भव्य झांकियां तैयार की गई थीं। इसके लिए तीन बग्घियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। एक बग्घी में महाराज अग्रसेन को महारानी माधवी के साथ रथारूढ़ किया गया था वहीं दूसरे में भगवान कृष्ण की झांकी सजाई गई थी। तीसरी बग्घी में माता लक्ष्मी सवार थीं। इसके पीछे विशाल झांकी में महाराज अग्रसेन का भव्य चित्र सजाया गया था जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जा रहा था। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों को सुसज्जित वाहन में सवार कराया गया था जिसमें उन्हें बिठाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सबसे अंत में महिलाओं का रैला था। अग्रवाल समाज के प्रत्येक घर से महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर इसमें शामिल हुईं थीं। महिलाओं ने भी अपने हाथों में अग्रपताका थाम रखी थी वहीं महिला,पुरूष एवं बच्चे सभी पारंपरिक परिधानों में सजे शोभायमान हो रहे थे। युवाओं में इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।







